हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना सबसे महत्वपूर्ण है: नपाध्यक्ष



07 प्रतिरोधी परिवारों को समझाइश देकर टीकाकरण कराने पर...



खबर संक्षेप

26 पंचायतों में जन विश्वास शिविर आज

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आज शुक्रवार को कुरवाई जनपद के पठारी और भालबामौरा क्लस्टर की 26 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की कार्रवाई होगी। दोनों क्लस्टरों की 13-13 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। ग्रामीण शिविरों में पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं।

जिला एथलेटिक्स टीम चयन 12 अक्टूबर को

विदिशा। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 12 अक्टूबर को जूनियर जिला एथलेटिक्स टीम का चयन किया जाएगा। सचिव लालता प्रसाद तिवारी ने बताया कि चयन प्रतियोगिता सुबह 9 बजे स्थित खेल स्टेडियम में होगी। चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय अंतर प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम का चयन 12 से अधिक, 14 से कम तथा 14 से अधिक और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन दौड़, कूद और थ्रो स्पर्धाओं में प्रदर्शन के आधार पर होगा। 13 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 1423 ऑनलाइन आवेदन आए

विदिशा। विशेष गहन पुनरीक्षण सहित मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण कार्य के तहत जिले में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन फॉर्म-6 के आवेदन लिए जा रहे हैं। 8 अक्टूबर शाम 4 बजे तक जिले की पांचों विधानसभा सीटों से कुल 1423 आवेदन पर दर्ज हुए हैं। इनमें विदिशा से 239, बासौदा से 221, कुरवाई से 383, सिरोंज से 377 और शमशाबाद से 203 आवेदन शामिल हैं।

डीएलसीसी बैठक में बैंकिंग और स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

विदिशा। अपर कलेक्टर मीना मसराम की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें बैंकिंग विकास, वित्तीय समावेशन और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, पीएम स्वनिधि, स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति सहित आर्थिक कल्याण योजनाओं के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली गई। डेयरी व मत्स्य केसीसी, मुद्रा ऋण और आरआरसी वसूली की भी समीक्षा हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के खरीफ 2026 सैचुरेशन अभियान में अधिकाधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा।

विरोध प्रदर्शन: राहुल गांधी की बार-बार गिरफ्तारी के विरोध में मनाया काला दिवस

काले कपड़ों में सड़क पर उतरे कांग्रेसी मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले का तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बार-बार गिरफ्तार किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन कर काला दिवस मनाया।

माधवगंज चौराहे पर एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर नारेबाजी करते हुए मुख्य मार्ग से तिलकचौक तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध का अनूठा तरीका अपनाया। मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला ठेले पर रखकर उसमें परात में पानी, काले-सफेद तिल, दूध और सफेद फूल रखे गए तथा कुशा से प्रतीकात्मक तर्पण किया गया यह दृश्य राहगीरों और आसपास के लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी अब रुकने वाले नहीं है, जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यप्रणाली से निष्पक्ष चुनाव देश में होना न मुमकिन हो गए हैं। वर्तमान सरकार का रवैया बताता है कि वे बेईमानी से सत्ता में बने रहना चाहते हैं। राहुल गांधी की बार-बार गिरफ्तारी सरकार की कमजोरी का बड़ा प्रमाण है। जिस तरह राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं उससे कांग्रेस मजबूत हो रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि राहुल गांधी जनता की आवाज उठाते हुए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, जिससे सरकार भयभीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को बार-बार गिरफ्तार कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा है, उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन में अनुमा आचार्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर रणधीर सिंह दांगी, राजेश दुबे, सुभाष बोहत, बसंत जैन, महेंद्र यादव, महेंद्र वर्मा, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, पंकज जैन, सुंदरसिंह दांगी, जिनेश जैन टिंग्गी, एडवोकेट प्रभुदयाल यादव, गोविंद भार्गव, सुनील शर्मा (बल्लू), रूपेश शर्मा, अर्पित उपाध्याय, नीतू सिंह राजपूत, प्रियंका किरार, रूप सिंह किरार, प्रवीण वसिया, सुजीत देवालिया, विनीत दांगी, बाबूलाल वर्मा, आशीष माहेश्वरी, असरफ खान, सुनील दांगी, अंकुर गुप्ता, राजकुमार पासी, संजय यादव, प्रसंग जैन, बंटी सक्सेना, अन्नू जैन, नवनीत कुशवाह, जितेंद्र तिवारी, विशाल सक्सेना, मानव ताम्रकर आदि मौजूद रहे।



विदिशा। राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करते हुए विदिशा शहर के कांग्रेसी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए 'लोकतंत्र बचाओ' के नारे

शमशाबाद। नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुरुवार को पुराने बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली में चुनाव आयोग के खिलाफ चल रहे विरोध के दौरान विपक्षी नेताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चुनाव आयोग जवाब दो और लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ के नारे लगाए।

कार्रवाई का विरोध

कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग की और दिल्ली में हुई पुलिस कार्रवाई का विरोध जताया। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू यादव, कांग्रेस नेता पंचम सिंह किरार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप रत्नाकर, प्रेम धाकड़, सौरभ साहू, बलवीर किरार , वीरेन्द्र सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

36 सीटर बस में बैठीं मिलीं 100 सवारी, आरटीओ ने 20 हजार का जुर्माना लगाया

कार्रवाई: 26 वाहनों से 2.26 लाख राजस्व वसूला



विदिशा। कार्रवाई के दौरान बस के अंदर जांच पड़ताल करते हुए आरटीओ।

आरटीओ गिरजेश वर्मा ने गुलाबगंज, गंजबासौदा और सागर रोड पर की चेकिंग, 8 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने गुरुवार को सागर रोड, गुलाबगंज और गंजबासौदा में वाहनों की जांच की। सुबह 9 बजे शुरू हुई कार्रवाई के दौरान 26 वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिले। इन पर चालानी कार्रवाई करते हुए 18 वाहनों से 2 लाख 6 हजार 500 रुपए शमन शुल्क और 19 हजार 968 रुपए मोटरयान कर वसूला गया। कुल 2 लाख 26 हजार 468 रुपए का राजस्व वसूला वहीं प्रकरणों के निराकरण तक 8 वाहनों को जब्त किया गया। इनमें 6 वाहन पुलिस थाना गंजबासौदा, एक वाहन परिवहन कार्यालय विदिशा और एक वाहन गुलाबगंज में खड़ा करा दिया गया है। जब्त वाहनों से करीब 2 लाख का राजस्व मिलने की संभावना है। कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से स्कूल बसों और यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई। इस दौरान एक यात्री बस में लगभग 100 सवारी बैठी पाई गई, जबकि बैठक क्षमता 36 सीट की है। उक्त बस संचालक पर 20 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई का जुर्माना वसूला गया। आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने बताया कि वाहन जांच की कार्रवाई लगातार जारी है।

राज्यरानी एक्सप्रेस पूरी तरह निरस्त न करें, सुबह भोपाल तक चलाने की मांग

बीना से संभव न हो तो मंडी बामोरा से भोपाल के बीच संचालन का सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बीना–आगासौद के बीच रेल कार्य के चलते 9 से 16 अक्टूबर तक



गाड़ी संख्या 22161/22162 राज्यरानी एक्सप्रेस के प्रस्तावित पूर्ण निरस्तीकरण को लेकर दैनिक यात्रियों की परेशानी सामने आई है। इसे देखते हुए कमलेश सेन ने मंडल रेल प्रबंधक भोपाल मंडल को पत्र भेजकर ट्रेन को पूरी तरह निरस्त नहीं करने की मांग की है। सेन ने पत्र में बताया कि राज्यरानी एक्सप्रेस बीना, मंडीबामोरा, गंजबासौदा, विदिशा सहित आसपास के क्षेत्रों से भोपाल आने-जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और मरीजों के लिए महत्वपूर्ण रेल सेवा है।

इसके निरस्त होने से खासकर सुबह भोपाल पहुंचने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की अवधि में ट्रेन को बीना से भोपाल अथवा तकनीकी कारणों से यह संभव नहीं होने पर कम से कम मंडीबामोरा से भोपाल के बीच सुबह संचालित किया जाए।

रेलवे सलाहकारी समिति के पूर्व सदस्य रहे कमलेश सेन ने कहा कि रेल कार्य जरूरी है, लेकिन इसके दौरान यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जानी चाहिए। सेन ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी रेल प्रशासन के समक्ष यात्रियों की समस्या रखने और ट्रेन का वैकल्पिक संचालन सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है।

कार्रवाई पर पुनर्विचार करने की मांग...

पटवारियों का ऐलान: चार मांगें, पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्य नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

तहसील क्षेत्र के पटवारियों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को तहसीलदार को मुख्य सचिव एवं राजस्व विभाग के नाम गुरुवार को ज्ञापन सौंपा।

पटवारियों में सेवा समाप्ति, निलंबन और अन्य दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से नाराजगी है। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन बस्ता बंद हड़ताल करेंगे। संघ ने स्पष्ट किया कि चार सूत्रीय मांगों का समाधान होने तक पटवारी किसी भी प्रकार का राजस्व संबंधी ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे। पटवारियों का कहना है कि वे लगातार राजस्व संबंधी कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, इसके बावजूद उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने शासन से कार्रवाई पर पुनर्विचार करने और मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान ग्यारसपुर पटवारी संघ के अध्यक्ष सहवाज खान सहित अन्य सभी पटवारी मौजूद रहे।



ग्यारसपुर। मांगों के संबंध में पटवारी संघ ने ज्ञापन देकर जताया विरोध।

कुरवाई में दो अपात्र हितग्राहियों के नाम बीपीएल सूची से हटाए

कुरवाई। तहसील क्षेत्र में बीपीएल सूची में अपात्र पाए गए दो हितग्राहियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई की गई है। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार की जानकारी के अनुसार तहसीलदार कुरवाई ने गुरुवार को दोनों प्रकरणों में आदेश पारित किए। कार्रवाई के तहत ग्राम करमेड़ी, ग्राम पंचायत माला निवासी जयपालसिंह यादव पुत्र बदनसिंह यादव और ग्राम रुसिया निवासी प्राणसिंह पारधी पुत्र ईराजसिंह के नाम बीपीएल सूची से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील कार्यालय ने जनपद पंचायत कुरवाई के सीईओ को संबंधित नाम विलोपित कर कार्रवाई की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में अपात्र पाए जाने के बाद यह कार्रवाई मापदंडों के अनुसार की गई।

आयुष्मान आंदोलन को मिली सफलता, भुगतान का रास्ता साफ

1 लाख से अधिक दावों के दो माह में निपटारे का आश्वासन, प्रमाणपत्र लंबित अस्पतालों को भी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों के वर्षों से लंबित भुगतान और दावों के निपटारे को लेकर चल रहे आंदोलन को बड़ी सफलता मिली है।

भारतीय चिकित्सा संघ मप्र और संयुक्त निजी अस्पताल संचालक संघ के प्रयासों के बाद सरकार ने प्रमुख मांगों के समाधान की दिशा में सहमति जताई है। पहले पोर्टल के वर्षों से लंबित भुगतान के निराकरण के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से आधिकारिक संवाद शुरू कर दिया गया है। जरूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अस्पतालों को लंबित राशि मिलने का रास्ता साफ होगा। दूसरे पोर्टल पर लंबित एक लाख से अधिक दावों की जांच और निपटारे के लिए 50 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। सरकार ने आगामी दो माह में इन दावों के भुगतान का निपटारा करने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रत्यायन संबंधी मामले में भी अस्पतालों को राहत दी गई है।

प्रमाणपत्र मिलने पर निलंबन व भुगतान रोकने की कार्रवाई हटाने की प्रक्रिया होगी

जिन अस्पतालों का प्रवेश स्तर का निरीक्षण पूरा हो चुका है, लेकिन प्रमाणपत्र लंबित होने से उन्हें एक अक्टूबर से सूची से बाहर किया गया था, वे निरीक्षण पूरा होने का ऑनलाइन प्रमाण प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रमाणपत्र मिलने पर निलंबन और भुगतान रोकने की कार्रवाई हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे करीब 20 अस्पतालों को राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय चिकित्सा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बीएम शरणागत और अस्पताल संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल ने इसे चिकित्सकों और अस्पताल संचालकों की जीत बताया।

गांव-गांव मुनादी: वन भूमि पर कब्जा किया तो फसल करेंगे नष्ट, वाहन होगा राजसात

वन विभाग दे रहा चेतावनी, अवैध तरीके से खेती और पेड़ कटाई पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

वन भूमि पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण और खेती को रोकने के लिए वन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। विभागीय अमला गांव-गांव पहुंचकर माइक से मुनादी कर ग्रामीणों को वन भूमि पर कब्जा, पेड़ कटाई, जुताई और बोनी नहीं करने की चेतावनी दे रहा है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर अवैध कब्जा या खेती करने वालों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। चोरी-छिपे वन भूमि पर खेती करने या बोनी करने पर नियमानुसार फसल नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

वन परिक्षेत्र अधिकारी हेमंत प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मुनादी कर लोगों को वन भूमि का खेती के लिए उपयोग नहीं करने और पेड़ों की कटाई से बचने की समझाइश दी जा रही है। कार्रवाई जिला वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में की जा रही है।

हॉलमार्किंग संबंधी जानकारी लेने जुटे जिलेभर के सराफा कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में सर्राफा एसोसिएशन विदिशा द्वारा होटल प्राइड में उपभोक्ता जागरूकता सेमिनार एवं जिला सर्राफा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विदिशा सहित जिलेभर के सर्राफा व्यापारी शामिल हुए।

अधिकारियों ने हॉलमार्किंग से जुड़े नियमों, प्रक्रिया और कारोबारियों के लिए जरूरी सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। व्यापारियों ने हॉलमार्किंग से संबंधित विभिन्न जटिल सवाल अधिकारियों के सामने रखे, जिनका समाधान बताया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय चौधरी, राजेश सोनी खुबाल, वैभव सराफ, राजेंद्र स्वर्णकार, राजेश सराफ, संजीव भंडारी, मनमोहन अग्रवाल, रूपेश गर्ग, पवन सोनी, हीरालाल रघुवंशी, कमलेश सोनी, मनीष मंगल, विनीत अग्रवाल, सिद्धार्थ भंडारी, दीपक सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, लोकेश चौधरी, सतेंद्र लश्करी, रोहित अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, नीरज ओसवाल, आकाश जैन आदि रहे।



विदिशा। कार्यक्रम में विदिशा सहित अन्य शहरों के व्यापारी पहुंचे।

राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

प्रतियोगिता: वॉलीबॉल में हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला खेल परिसर में चल रही 70वीं राज्य स्तरीय शालेय मलखंभ एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबले हुए। अलग-अलग संभागों से आई टीमों ने जीत के लिए पूरा दम लगाया।

बालिका वॉलीबॉल में ग्वालियर ने इंदौर को 2-1, उज्जैन ने जनजातीय कार्य विभाग को 2-1, भोपाल ने सागर को 2-0 और रीवा ने शहडोल को 2-0 से हराया। इससे पहले नर्मदापुरम ने भोपाल को 2-0 से शिकस्त दी। बालक वर्ग में उज्जैन ने शहडोल को 2-1, जनजातीय कार्य विभाग ने सागर को 2-1, जबलपुर ने नर्मदापुरम को 2-1 और रीवा ने ग्वालियर को 2-0 से हराया। इससे पहले जनजातीय कार्य विभाग ने ग्वालियर को 2-1 और ग्वालियर ने भोपाल को 2-1 से हराया था।

विधायक ने मैदान व भोजन व्यवस्था का लिया जायजा



विदिशा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दौरान प्वाइंट लेने का प्रयास करते खिलाड़ी।

उज्जैन टीम का दबदबा

मलखंभ की अंडर-14 बालिका टीम स्पर्धा में उज्जैन 25 अंक के साथ प्रथम, इंदौर द्वितीय और सागर तृतीय रहा। व्यक्तिगत स्पर्धा में तमन्ना यादव, वीरा राठौर और भव्य मालवीय ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालक वर्ग में भी उज्जैन 23.70 अंक के साथ प्रथम रहा। हनी बीकुंदिया, मनन आरौणिया और मोक्ष मोथा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। अंडर-17 बालिका वर्ग में उज्जैन 24.70 अंक के साथ प्रथम और बालक वर्ग में भोपाल 24.35 अंक के साथ विजेता रहा। दोनों वर्गों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

विधायक टंडन ने खिलाड़ियों से की चर्चा

विधायक मुकेश टंडन ने खेल परिसर पहुंचकर खिलाड़ियों से चर्चा की और उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने भोजनशाला पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता भी देखी। इस दौरान बलवीर रघुवंशी, बलवीर सिंह तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी सहित खेल अधिकारी, निर्णायक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6700
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-8252
चना
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7551
मसूर
न्यूनतम भाव-4420
उच्चतम भाव-6750
शरबती
न्यूनतम भाव-3445
उच्चतम भाव-4480
गेंहू
न्यूनतम भाव-2531
उच्चतम भाव-3080
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3462
मूंग
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7700
उड़द
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-8111
मक्का
न्यूनतम भाव-1565
उच्चतम भाव-2480
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3450
मटर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3200
धान
न्यूनतम भाव-2010
उच्चतम भाव-3300
मूंगफली
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
धनिया
न्यूनतम भाव-11600
उच्चतम भाव-11600

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 14597 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

नगर में दो दिनों तक बाधित रहेगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा पानी की नवीन टंकी की टेस्टिंग और पाइप लाइन दुरुस्ती का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते नगर में दो दिन जल आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका ने जल उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि गुरुवार की शाम के समय नगर में जल सप्लाई नहीं होगी। वहीं शुक्रवार को सुबह के समय भी जल सप्लाई की जाना संभव नहीं हो पाएगा। जल प्रदाय शाखा के सुनील यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वह असुविधा से बचने के लिए पहले से ही पानी का पर्याप्त भंडारण कर लें। जिससे दो दिनों तक पेयजल के लिए नागरिकों को परेशान न होना पड़े। टेस्टिंग और पाइपलाइन सुधार कार्य पूरा होते ही जल आपूर्ति को नियमित रूप से बहाल कर दी जाएगी। नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि नवीन टंकी की टेस्टिंग अत्यंत आवश्यक है ताकि भविष्य में जल सप्लाई में कोई तकनीकी समस्या न आए और नागरिकों को बेहतर जल आपूर्ति मिल सके।

ऑप्टिकल फाईवर लाइन की ड्रिल से पाइप लाइन हुई क्षतिग्रस्त

गंजबासौदा। नगर के पुराने बस स्टैंड पर बीएसएनएल टेलीकॉम कंपनी द्वारा ऑप्टिकल फाईवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ड्रिल मशीन की सहायता से ऑप्टिकल फाईवर लाइन बिछाने के दौरान नगरपालिका की जल सप्लाई पाइप लाइन फिर से क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ सड़क, गलियों में बह गया।



एक तरफा कार्रवाई न करने की मांग को लेकर पूर्व छात्रों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र देव विश्वकर्मा की हाल ही में मौत हो गई। इस मामले में प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार शर्मा पर छात्र को डांटने का आरोप लगा है। गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्रों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि प्राचार्य अभय कुमार शर्मा के खिलाफ बिना निष्पक्ष जांच के कोई एकतरफा कार्रवाई न की जाए। पूर्व छात्रों ने कहा कि शुरुआती आरोपों या दबाव के आधार पर दोषी न माना जाए। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच कराने की बात कही। इसमें छात्र के परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए जाएं। अभय कुमार शर्मा को भी अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाए। जांच में जिम्मेदारी तय होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही विद्यालयों में प्रशिक्षित काउंसलर्स की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, रुपेश कुशवाह, राहुल साहू के केशव शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


गंजबासौदा। ज्ञापन सौंपते पूर्व छात्र

नपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, पार्षदों ने दिव्यांगजनों को बांटे जीवन सहायक उपकरण

दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना सबसे महत्वपूर्ण है: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प के तहत निशक्त एवं दिव्यांगजनों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें एडिप योजना सबसे प्रमुख है। इस योजना में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें जरूरत के हिसाब से जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं।

यह बात नगर पालिका परिषद में गुरुवार को आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कही। नगरपालिका में आयोजित खंडस्तरीय दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर में 100 लोगों ने पंजीयन कराया था। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा एलिम्को कंपनी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 100 पंजीकृत हितग्राहियों को 304 सहायक उपकरण वितरित किए गए। उज्जैन से आई एलिम्को कंपनी की टीम ने शिविर में सहयोग प्रदान किया। शिविर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, छड़ी, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टिक, नी कैप, स्मार्ट केन आदि उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि एडिप योजना दिव्यांगजनों के जीवन को सरल बनाने में मददगार साबित हो रही है। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सभी वर्गों के हितों का विशेष ध्यान रख रही है। जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकारें योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचा रही हैं। कार्यक्रम में उपकरण वितरण के बाद सभी दिव्यांगजनों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय विभाग की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका भार्गव ने संपूर्ण शिविर की बागडोर संभाली। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद नीलू चौबे, संजय भावसार, नारायण सोनी, शुभम रघुवंशी, सुनील साहू, मनोज अहिरवार, सरदार अहिरवार, राकेश खटीक, ओंकार सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, नपा सीएमओ, पेंशन प्रभारी सुशील रिछारिया, जितेंद्र अरोरा, सुनीता जैन, रमाकांत श्रीवास्तव, दिनेश साध्य, विपिन स्वामी, शुभम शर्मा, तपस्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


गंजबासौदा। दिव्यांगों को उपकरण वितरित करते जनप्रतिनिधि


गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही

गली में रिनेवल कोर्ट होने पर नपाध्यक्ष का माना आभार


गंजबासौदा। मार्ग पर कराया गया रिनेवल कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विगत कई वर्षों से मंदिर जाने वाले मार्ग क्षतिग्रस्त थे, जो कि दो पुराने मंदिर दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक एवं ओसवाल समाज मंदिर के रास्ते हैं। इस मार्ग पर रिनेवल कोर्ट की लंबी समय से मांग की जा रही थी। संजय भावसार ने नपाध्यक्ष शशि यादव एवं देवेंद्र यादव से निवेदन किया कि इस मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाऐ। नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सरल स्वभाव से स्वीकृति प्रदान कर। उक्त मार्ग का रिनेवल कोर्ट करवाया गया। रिनेवल कोर्ट हो जाने से मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यहां के रहवासियों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात मिल गई है। जिस पर संजय भावसार सहित वार्डवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र का आभार माना है।

सेवा सप्ताह का हुआ समापन


गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित पतंजलि योग समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पतंजलि योग समिति द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा सप्ताह के समापन पर सेवा कार्य किए गए। जिसमें डायलिसिस सेंटर एवं चेतना सेवा समिति कार्यालय पहुंचकर फल वितरित किए गए। सिटी सेंटर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान किया गया और डॉक्टर द्वारा निःशुल्क जांच कराई गई। महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुनीता भावसार ने बताया की समिति द्वारा योग साधना के साथ सेवा कार्य भी निरंतर रूप से आयोजित किए जाते हैं एवं साप्ताहिक सेवा कार्य के तहत उक्त सेवा कार्य किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी जगदीश यादव, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुनीता भावसार, देवेंद्र वर्मा, एडवोकेट सुरेंद्र भारद्वाज, सुरेश कुमार, हरि राम साहू, हरि किशोर श्रीवास्तव, अशोक अग्रवाल, अरुणा श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, विशाल अरोरा, रेखा श्रीवास्तव, मिथलेश शर्मा, सीमा शर्मा, रवि भावसार, नित्या वर्मा, राजकुमारी साहू, भारती श्रीवास्तव, गुंजन जैन, कांता भावसार, पद्मा भावसार सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

नेत्र परीक्षण हुआ



गंजबासौदा। गुरुवार को संत श्रीजगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदांत आश्रम में महंत हरिहर दास महाराज के सानिध्य में नेत्र सेवा सदन बैरागढ़ के द्वारा सभी बटुक, ब्राह्मण, छात्रों ,आचार्यों एवं ग्रामवासियों सहित नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें आश्रम संचालित करने वाले महंत हरिहर दास महाराज, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, दीपक विश्कर्मा, प्रकाश माहेश्वरी, प्राचार्य बाबू रघुवंशी,आचार्य दीपक पांडेय, शुभम मिश्र सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

कोटवारों ने ज्ञापन सौंपकर वर्दी की राशि खाते में भेजने की मांग


गंजबासौदा। ज्ञापन सौंपते कोटवार

गंजबासौदा। गत दिवस तहसील के अनेक कोटवारों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कोटवारो की वर्दी की राशि खाते में भेजने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कोटवारों के खाते में वर्दी की राशि वर्ष 2024 से 2026 तक नहीं आई है। जिससे की कोटवार पुरानी एवं फटी वर्दी का उपयोग कर रहें हैं। कोटवारों ने मांग है कि वर्ष 2024 एवं 2026 तक की वर्दी की राशि कोटवारों के खाते में भेजने की मांग की गई। जिससे की कोटवार सही नाप सही वर्दी का उपयोग कर ड्यूटी कर सकें। म. प्र. 38000 हजार कोटवारों को शासकीय किया जाये, कोटवारों को सेवा भूमि का मालिकाना हक दिया जाऐ, वर्दी की राशि कोटवार के बैंक खाते में डाली जाऐ, कोटवार के रिटायर्ड होने पर उन्हें तुरन्त एक लाख रुपए की राशि दी जाऐ तथा कोटवारों से वेगारी न कराई जाए।

फर्जी तरीके से सिम बेचने वाले दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में फर्जी तरीके से सिम बेचने वाले दो आरोपियों को देहात थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राहकों को सिम देते समय धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ग्राम बरेठ और अरनोट के रहने वाले हैं। वह नगर में सिम बेचने का काम करते थे। आरोप है कि वह एक व्यक्ति को सिम देने के नाम पर उसकी आईडी से दो सिम निकाल लेते थे। एक सिम ग्राहक को दे देते थे और दूसरी सिम अपने पास रख लेते थे। उस दूसरी सिम का वह गलत उपयोग करते थे। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद देहात थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सिम कार्ड के विक्रेता के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत परवेज खान निवासी ग्राम अरनोट एवं तरुण नामदेव निवासी बरेठ के विरुद्ध धारा 318(4), 66(C) आईटी एक्ट 42(3) (e) 42(2) दूरसंचार अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया है। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल व सिम कार्ड एवं दस्तावेज जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया तथा अपराध में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों के साथ इस तरह की धोखाधड़ी की है और उन सिमों का कहां उपयोग किया गया है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सिम खरीदते समय सावधानी बरतें और अपनी आईडी का दुरुपयोग न होने दें।


गंजबासौदा। देहात थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

नाम-गोत्र से किया गया उच्चारण पितरों तक पहुंचता है

श्राद्ध से किया अर्पण कभी व्यर्थ नहीं जाता: पं. केशव गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गौशाला में सैकड़ों गायों के बीच बछड़ा अपनी मां को खोज लेता है। ठीक इसी तरह नाम और गोत्र के उच्चारण के साथ मंत्रपूर्वक पितरों के निमित्त किया गया अर्पण अपने पितरों तक पहुंचता है। पितृ व्याख्यान के 13वें दिन गुरुवार को आचार्य पंडित केशव गुरु ने स्कंद पुराण में वर्णित राजा करंधम और शिवयोगी महाकाल के संवाद का प्रसंग सुनाते हुए श्राद्ध और तर्पण की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि राजा करंधम ने शिवयोगी से पूछा था कि मनुष्यों द्वारा पितरों के निमित्त अर्पित की जाने वाली वस्तुएं पितरों को किस प्रकार प्राप्त होती हैं। शिवयोगी ने बताया कि पितृ स्थूल हाड़-मांस के शरीर वाले नहीं होते। पितृ योनि का संबंध पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार इन आठ तत्वों से माना गया है। पितर गंध और रस तत्व को ग्रहण करते हैं। चावल में गंध तथा जल में रस तत्व होता है। नाम-गोत्र के उच्चारण के साथ मंत्रपूर्वक अर्पित की गई वस्तु पितरों तक पहुंचती है। केशव गुरु ने कहा कि पुराणों में स्पष्ट किया गया है कि श्रद्धा से अर्पित की गई थोड़ी-सी वस्तु भी व्यर्थ नहीं जाती। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार श्राद्ध और तर्पण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार भगवान की अष्टधा प्रकृति है। जीव प्रकृति के अधीन है, लेकिन प्रकृति भगवान के अधीन है। इसलिए जो मनुष्य भगवान का आश्रय लेता है, वह संसाररूपी प्रकृति के बीच रहते हुए भी सुख, शांति और संतोष प्राप्त कर सकता है। उन्होंने वेदों में भगवान की उपासना से जुड़े 16 हजार मंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यही वेद मंत्र द्वारकाधीश की 16 हजार रानियों के रूप में भगवान की सेवा करते हैं। नौलखी धाम के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने नाम मंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि मंत्र अक्षर ब्रह्म है। कलियुग में नाम मंत्र का विशेष महत्व है। इस युग में शरीर को पूर्ण रूप से शुद्ध रखना कठिन है, इसलिए नाम मंत्र का उच्चारण ही सहज और कल्याणकारी साधन है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अभिभावकों से बच्चों और युवाओं को कथा एवं सत्संग से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सत्संग से संस्कार और चरित्र का निर्माण होता है। युवा शक्ति देश का भविष्य है और सच्चरित्र युवा ही राष्ट्र को उन्नति के शिखर तक पहुंचा सकते हैं। आरती में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, वार्ड 18 पार्षद नीलू चौबे, वार्ड 17 पार्षद पिंकी शर्मा, नीलेश अग्रवाल, लालू महाराज, नितिन सक्सेना सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।


गंजबासौदा। कथा का वाचन करते कथा वाचक, उपस्थित जनप्रतिनिधि

ऑन व्हील्स द्वारा 58 मरीजों की निशुल्क ओपीडी

गंजबासौदा। ब्लॉक के ग्राम चुल्हेटा में एसबीआई के सहयोग से संचालित संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता सप्ताह अभियान एवं निःशुल्क ओपीडी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 71 से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की। स्वच्छता जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों एवं बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। प्रतिभागियों को नियमित रूप से शौचालय का उपयोग करने, घर एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता की अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समुदाय के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वास्थ्य सेवाएँ संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स द्वारा आयोजित निःशुल्क ओपीडी में लगभग 58 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार किया गया। इस दौरान बीपी, ब्लड, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जाँच के साथ एलर्जी, बच्चों में सर्दी-खाँसी एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भी सक्रिय सहभागिता रही। अभियान का उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीणों को उनके गाँव में आवश्यक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा।


गंजबासौदा। शिविर का अनेक ग्रामीणों ने लिया लाभ

निलंबन की कार्रवाई वापिस लेने पटवारियों ने किया कामकाज बंद


गंजबासौदा। तहसीलदार को बस्ते सौंपते पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को दोपहर के समय पटवारियों ने अपना कामकाज बंद कर दिया। पटवारियों ने तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को अपने बस्ते सौंप दिए। यह कदम पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर उठाया गया है। पटवारी संघ के अध्यक्ष अमित रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री दस्तावेज से जुड़े मामलों में अलग-अलग जिलों के पटवारियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई हुई है। इसके विरोध में बासौदा के कुल 62 पटवारियों ने सभी राजस्व कार्य बंद कर दिए हैं। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनके साथियों पर हुई निलंबन की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। इस हड़ताल से किसानों को परेशानी हो सकती है। तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि एसडीएम के निर्देशों पर एक हेल्प डेस्क बनाई जा रही है। राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी और कोटवार किसानों के काम संभालेंगे, ताकि उन्हें दिक्कत न हो।

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने बैठक आज

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में छूटे हुए एवं नए युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के संबंध में 9 अक्टूबर को अपरान्ह 05 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

एक आदतन अपराधी को किया गया जिला बदर

सागर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को दृष्टिगत रखते हुए एक आदतन अपराधी को 8 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कमलेश पिता मंजू कुर्मी उम्र 53 साल नि. ग्राम जूना थाना रहली जिला-सागर को 8 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। यदि अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेगा। परंतु इसके पूर्व अनावेदक को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दंडाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

केसली में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक सेवाओं के समय-सीमा में प्रदाय हेतु 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत केसली स्थित कृषि उपज मंडी केसली में प्रातः 10:30 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहेंगे।

वेब सीरीज में यादव सेठ के किरदार से बनाई अलग पहचान, सिरोंज की माटी में जन्मे...

दीपक सोनी ने ओटीटी पर मचाई धूम

दमदार अभिनय और खौफनाक अंदाज ने दर्शकों को किया प्रभावित

राजीव जैन सैनानी ⏭सिरोंज

सिरोंज की माटी में जन्मे और पले-बढ़े अभिनेता दीपक सोनी ने अभिनय की दुनिया में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए एक बार फिर सिरोंज और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। रंगमंच से अभिनय का सफर शुरू करने वाले दीपक सोनी इन दिनों डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में अपनी दमदार अदाकारी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में 7 तारीख को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज में उन्होंने 'यादव सेठ' का मुख्य खलनायक किरदार निभाया है। सीरीज में उनका रफ एंड टफ अंदाज, दमदार संवाद अदायगी और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है।

'यादव सेठ' के किरदार में दिखा अलग अंदाज

वेब सीरीज में दीपक सोनी का किरदार एक साधारण विलेन तक सीमित नहीं है। उन्होंने एक शातिर, दबंग और प्रभावशाली नेटवर्क के सरगना के रूप में 'यादव सेठ' का किरदार निभाया है। उनकी एंट्री से लेकर संवाद अदायगी और एक्सप्रेशन्स तक हर पहलू में किरदार की दबंग छवि दिखाई देती है। तीखी मूंछें, चेहरे पर तल्खी, गले में सोने की चेन और कंधे पर लाल गमछे के साथ उनका रफ एंड टफ लुक किरदार को प्रभावशाली बनाता है। दीपक सोनी ने अभिनय से किरदार के भीतर छिपे भय, क्रूरता, दबदबे और चालाकी को बखूबी प्रस्तुत किया है।



आंखों के भाव और संवाद अदायगी बनी पहचान

वेब सीरीज में दीपक सोनी की संवाद अदायगी और आंखों के भाव विशेष रूप से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उनके बोलने का अंदाज, आवाज का उतार-चढ़ाव और संवादों के बीच चेहरे के भाव किरदार को मजबूत बनाते हैं। कई दृश्यों में बिना ज्यादा संवाद के भी उनकी मौजूदगी कहानी में तनाव और रोमांच पैदा करती है। उनकी भाषा पर पकड़ और किरदार के अनुरूप संवाद बोलने की शैली ने 'यादव सेठ' को प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही वजह है कि सीरीज देखने वाले दर्शकों के बीच उनके किरदार की चर्चा देखने को मिल रही है।

रंगमंच की तपस्या ने बनाया मजबूत अभिनेता

दीपक सोनी की अभिनय यात्रा की सबसे बड़ी ताकत उनका रंगमंच से जुड़ा लंबा अनुभव माना जाता है। वर्षों तक थिएटर और नाट्य मंच से जुड़े रहकर उन्होंने अभिनय की बारीकियों को समझा और अपने अभिनय कौशल को लगातार निखारा। उनकी खासियत यह है कि वह केवल संवाद बोलने तक अभिनय को सीमित नहीं रखते, बल्कि किरदार के हाव-भाव, चाल-ढाल, आवाज और चेहरे के भावों के माध्यम से उसे जीवंत करने का प्रयास करते हैं।

सिरोंज की माटी से मुंबई तक का सफर

मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक नगर सिरोंज से निकलकर अभिनय की दुनिया में अपनी पहचान बनाना दीपक सोनी की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। छोटे शहर से निकलकर मुंबई जैसे बड़े फिल्मी शहर में अपनी जगह बनाना आसान नहीं होता, लेकिन रंगमंच की लंबी साधना और अभिनय के प्रति जुनून ने उन्हें लगातार आगे बढ़ाया। बॉलीवुड की फिल्मों से लेकर ओटीटी प्रोजेक्ट्स तक दीपक सोनी ने अलग-अलग तरह के किरदारों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा प्रदर्शित की है। अब 'यादव सेठ' जैसा दमदार नकारात्मक किरदार उनके अभिनय सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जुड़ गया है।

स्थानीय कलाकार की सफलता पर सिरोंज वासियों में खुशी

दीपक सोनी की इस उपलब्धि से सिरोंजवासियों में भी उत्साह और गर्व का माहौल है। शहर के लोगों का कहना है कि सिरोंज जैसे छोटे शहर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के मनोरंजन मंच पर अपनी पहचान बनाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता शहर के उन युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है, जो कला, अभिनय और मनोरंजन के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। दीपक सोनी ने यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। यदि मेहनत, लगन और अपने हुनर पर विश्वास हो तो छोटे शहर से निकलकर भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। 'यादव सेठ' के किरदार ने दीपक सोनी के अभिनय करियर को नई पहचान दी है। उनके अभिनय में रंगमंच के अनुभव के साथ-साथ कैमरे के सामने किरदार को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता दिखाई देती है। यही कारण है कि वे लगातार अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। सिरोंज की गलियों और रंगमंच से शुरू हुआ दीपक सोनी का सफर अब देश के बड़े डिजिटल मनोरंजन मंच तक पहुंच चुका है।

टीकाकरण कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

प्रतिरोधी परिवारों को समझाइश देकर टीकाकरण कराने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

गुरुवार को राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में वरिष्ठ संयुक्त संचालक टीकाकरण भोपाल डॉ. एलपी भकोरिया की अध्यक्षता में टीकाकरण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर से जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर, एम एंड ई अधिकारी, एपीएम एवं वीसीसीएम विदिशा उपस्थित रहे। बैठक में विकासखंड सिरोंज के समस्त सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सेक्टर सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, सीएमओ एवं एएनएम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं के स्तर तक संचालित स्वास्थ्य एवं टीकाकरण गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा कार्यों को और प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से ऐसे परिवार, जो अपने बच्चों का टीकाकरण कराने में रुचि नहीं लेते हैं या टीकाकरण से बचते हैं, उन्हें समझाइश देकर टीकाकरण कराने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मैदानी अमला आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पात्र बच्चों तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाने का प्रयास करे। बैठक के बाद राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय के बर्थ वेटिंग रूम का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय पर भर्ती कराने तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

शिक्षा में एआई के प्रयोग पर रखे तर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, गढ़ाकोटा में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत डिजिटल पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "2047 में शिक्षा की परिकल्पना" तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय "शिक्षा में एआई का प्रयोग" रखा गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन, डिजिटल कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता, नवाचार की भावना तथा भविष्य की शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि आधुनिक तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसके साथ जुड़ी चुनौतियों को समझना भी आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे रहीं। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में योगिता रैकवार (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम, राजा मिश्रा (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा मोहित कुर्मी (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "शिक्षा में AI का प्रयोग" विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। पक्ष में राजा मिश्रा ने प्रथम, लक्ष्मी कुर्मी ने द्वितीय तथा मोहित कुर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छत्री चौराहे पर धरना-प्रदर्शन कर निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित विपक्षी नेताओं के आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई और राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस द्वारा देशभर में काला दिवस मनाया गया। इसी क्रम में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरोंज के तत्वावधान में छत्री चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि एसआईआर को लेकर देशभर में मतदाता सूची और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम प्रभावित हुए हैं। विपक्ष समर्थक मतदाताओं को लेकर भी आशंकाएं सामने आई हैं, इसलिए पूरे मामले में निष्पक्षता के साथ स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।



उन्होने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का आधार हैं। निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता और स्वायत्तता पर जनता का विश्वास कायम रहना जरूरी है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सवाल किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से है जिस पर करोड़ों मतदाताओं का भरोसा टिका हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान होना चाहिए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गगनेंद्र रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अवध शर्मा, कमल सिंह यादव,रामदयाल विश्वकर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अंसार खान, अशोक यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साई कॉलेज में 5वां अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



विदिशा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, मुखर्जी नगर में बुधवार को पांचवें अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विशेष पुलिस महानिदेशक (रेलवे) राजाबाबू सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.एन. चंद और रोशन सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम और पैरामेडिकल क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। बीएमएलटी, डीएमएलटी, ओटी तकनीशियन और एक्स-रे जैसे पाठ्यक्रमों के साथ अनुशासन, व्यावहारिक कौशल और स्वास्थ्य सेवा में जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक टॉपर्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कम पैदावार व फसल में रोग से किसानों की बढ़ी चिंता, खाद की उपलब्धता को लेकर भी परेशानी

ग्यारसपुर। तहसील क्षेत्र में इन दिनों किसान सोयाबीन की फसल की कटाई में तेजी से जुटे हुए हैं। खेतों में कहीं हार्वेस्टर से तो कहीं मजदूरों के माध्यम से सोयाबीन की कटाई का काम चल रहा है। इस वर्ष कई किसानों को सोयाबीन की फसल से उम्मीद के अनुरूप पैदावार नहीं मिल पाई है। तहसील क्षेत्र के कई गांवों में मौसमी रोग और अन्य कारणों के चलते फसल प्रभावित होने की बात भी सामने आई है। किसानों का कहना है कि फसल को बचाने के लिए उन्होंने चार से पांच बार तक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया, इसके बावजूद उत्पादन उम्मीद से कम रहा। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं जिन किसानों के खेतों में सोयाबीन की कटाई पूरी हो गई है, वे अब रबी सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। किसान ट्रैक्टरों में कल्टीवेटर लगाकर खेतों में खरार फेरने और आगामी फसलों के लिए जमीन तैयार करने में लगे हुए हैं। रबी सीजन की तैयारी के बीच कई किसानों को समय पर यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया में भी परेशानी आ रही है, जिससे खाद लेने के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि सोसायटियों पर खाद वितरण की ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे उन्हें यूरिया और डीएपी के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और रबी सीजन की बुवाई समय पर पूरी हो सके।

कुरवाई पुलिस ने चलाया 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' अभियान

कुरवाई। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा एसडीओपी रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में कुरवाई पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुरवाई क्षेत्र अंतर्गत कुल तीन स्थानों पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसडीओपी एवं थाना प्रभारी आरके मिश्रा द्वारा हाट बाजार में उपस्थित आमजनों को यातायात सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। मेहलुआ चौकी प्रभारी द्वारा चौकी परिसर पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायरा चौकी प्रभारी ने बस स्टैंड पर आमजन एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



इसके साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए 7 चालानी कार्रवाई भी की गईं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों के जीवन को सुरक्षित बनाएं।

उन्नत उद्यानिकी तकनीकों से रूबरू हुए किसान

दो दिवसीय प्रशिक्षण में सब्जी, फल और पुष्प उत्पादन की वैज्ञानिक विधियां बताईं, खेतों पर पहुंचकर वैज्ञानिकों ने किया फसल प्रबंधन का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड विदिशा स्थित पंजाब नेशनल बैंक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में बेंगलुरु और वाराणसी स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उद्यानिकी एवं सब्जी अनुसंधान संस्थानों के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने किसानों को सब्जी, फल एवं पुष्प उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी।

विदिशा, गंजबासौदा, कुरवाई, नटेरन एवं ग्यारसपुर विकासखंडों से पहुंचे किसानों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। वैज्ञानिक डॉ. वी श्रीधर, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. एस मौर्य एवं डॉ. जयदीप हलदर ने उन्नत किस्मों के चयन, गुणवत्तापूर्ण बीज, पौध तैयार करने, सिंचाई एवं पोषण प्रबंधन की जानकारी दी। टमाटर, बैंगन और मिर्च सहित प्रमुख सब्जी फसलों में बुवाई से तुड़ाई तक आने वाली समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान भी बताए। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने सुनपुरा, गोबरहेला और हंसुआ गांव में किसानों के खेतों का भ्रमण किया। उन्होंने फसलों की स्थिति देखकर कीट, रोग और पौधों की वृद्धि से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान बताया तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक सलाह दी।



विदिशा। उद्यानिकी फसलों का निरीक्षण करते हुए वैज्ञानिकों की टीम।

कीट-रोग नियंत्रण की समझाइशः वैज्ञानिकों ने एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। किसानों को प्रकाश प्रपंच, गंध प्रपंच, पीला चिपकने वाला प्रपंच और फंदा फसल जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। इनके माध्यम से कीटों की समय रहते पहचान और नियंत्रण कर अनावश्यक कीटनाशकों के प्रयोग को कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन किसानों को आम के पौधे, रजनीगंधा एवं गेंदा सहित विभिन्न फल और पुष्प फसलों की रोपण सामग्री तथा बीज उपलब्ध कराए गए। वैज्ञानिकों ने इन फसलों से अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पादन लेने की तकनीक भी समझाई। किसानों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

मप्र राज्य कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह हुआ

कर्मचारियों के हितों की रक्षा, लोकसेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुरवाई विकासखंड में किया गया।

कार्यक्रम में कुरवाई, पठारी एवं सिरोंज से मप्र राज्य कर्मचारी संघ के दायित्ववान पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों के हितों के लिए वे हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रश्मिकांत श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि संगठन सभी लोक सेवकों को साथ लेकर आगे बढ़ेगा तथा कर्मचारी हितों के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने संगठन की एकता एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव ने अपने संबोधन में सभी लोक सेवकों से देशहित में कार्य करने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकसेवा में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री निलेश तिवारी, कुरवाई ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार दीक्षित, पठारी ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन सिंह एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुनील सूर्यवंशी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सिरोंज से ललित चौरसिया एवं अश्विन श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन जगदीश श्रीवास्तव ने किया।



इस अवसर पर शंभूदयाल एवं सुनील सूर्यवंशी ने संघ गीत का गायन किया, जिससे कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और उत्साह का वातावरण बना। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुरवाई एवं पठारी के कार्यकारी अध्यक्ष नारायण प्रसाद शर्मा एवं संदीप यादव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं संगठन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की सहभागिता में सक्रिय भूमिका निभाई।

मतदाता सूची में नाम बढ़वाने के लिए विशेष अभियान चलाया

कुरवाई। निर्वाचन आयोग द्वारा 7,8,9 अक्टूबर को चलाएं जा रहे विशेष अभियान में नाम बढ़वाने के लिए अभियान में सभी बीएलओ को निर्वाचन का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने दिए। निर्वाचन कार्य में तेजी लाने के लिए सुपरवाइजरों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जो बीएलओ प्रगति नहीं बढ़ाते या नए पदस्थ बीएलओ प्रभार ग्रहण नहीं करते हैं तो सुपरवाईजर 12 बजे तक कार्यवाही प्रस्तावित करें। जो सुपरवाइजर रिपोर्ट नहीं देते है उनके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाए। सुपरवाईजर अपने अधीनस्थ बीएलओ की फील्ड में गूगल मीट से उपस्थिति सुनिश्चित करें सबसे कब प्रगति वालों की इलेक्शन सुपरवाईजर बैठक लें ।

पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से मृतक के परिवार को मिली 2 लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जरूरत के समय परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। जिले के लटेरी विकासखंड के ग्राम कोलुआ पठार निवासी स्व. कन्हैयालाल जी के निधन के बाद उनके परिवार को इस योजना के माध्यम से 2 लाख की बीमा राशि प्राप्त हुई।

निधन से परिवार पर आया आर्थिक संकट

ग्राम कोलुआ पठार निवासी स्व. कन्हैयालाल जी का 4 मार्च को अचानक निधन हो गया। परिवार के लिए वे कमाने वाले प्रमुख सदस्य थे। उनके निधन से परिवार के सामने आर्थिक संकट के साथ-साथ भविष्य को लेकर चिंता उत्पन्न हो गई। ऐसे कठिन समय में वित्तीय साक्षरता के माध्यम से परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी मिली।

वित्तीय सलाहकार कुमारी आरती राजपूत द्वारा ग्राम स्तर पर परिवार को योजना के लाभ, आवश्यक दस्तावेज एवं दावा प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मार्गदर्शन मिलने के बाद योजना के अंतर्गत दावा आवेदन तैयार किया गया। आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण कर बीमा कंपनी में जमा कराया गया और दावा प्रक्रिया में परिवार को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया गया।

2025 के मुकाबले डेंगू के मामले करीब दोगुने, चिकनगुनिया के 2 मरीज

रायसेन में मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप, 26 मलेरिया व 21 डेंगू के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में मच्छरजनित बीमारियों ने जिला स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। रायसेन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीज सामने आ रहे हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग के 8 अक्टूबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार जिले में 26 मरीजों में मलेरिया, 21 में डेंगू और 2 मरीजों में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। पिछले साल की तुलना में डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते जिला स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और लार्वा विनष्टीकरण की कार्रवाई तेज कर दी है। जिला स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 4 अक्टूबर तक जिले में डेंगू के 40 मामले सामने आए थे। वहीं 2026 में इसी अवधि में डेंगू के 72 मामले दर्ज किए गए। चिकनगुनिया के मामले पिछले साल 32 थे, जबकि इस साल अब तक 21 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। मलेरिया के मामलों में भी स्वास्थ्य विभाग लगातार जांच कर रहा है।

1.53 लाख मलेरिया टेस्ट 26 मरीज पॉजिटिव

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रियंवदा गुप्ता के अनुसार जिले में अब तक 1 लाख 53 हजार 649 मलेरिया टेस्ट कराए जा चुके हैं। इनमें 26 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसी तरह डेंगू की जांच के लिए जिले में 884 एलाइजा टेस्ट किए गए, जिनमें 21 मरीज डेंगू पॉजिटिव मिले। चिकनगुनिया के लिए 168 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 2 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये आंकड़े 1 जनवरी से 8 अक्टूबर तक के हैं।

भोपाल तक भेजी जा रही रिपोर्ट, लार्वा नष्ट करने के निर्देश



भोपाल और इंदौर तक पहुंची रिपोर्ट

मच्छरजनित बीमारियों के बढ़ते मामलों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक भेजी जा रही है। विभागीय स्तर पर प्राप्त निर्देशों के बाद डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के संभावित हॉटस्पॉट की निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। जिन स्थानों पर मच्छरों के लार्वा मिलने की आशंका है, वहां टीम भेजकर जांच और लार्वा विनष्टीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री ने बताया कि मामलों की सही रिपोर्टिंग करने और किसी भी मरीज की जानकारी छिपाने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग कराने के साथ ही लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

मच्छरों का आतंक, डेंगू से अधिक मलेरिया व चिकनगुनिया के रोगी

मानसून के साथ मौसमी बीमारियां दस्तक देने लगी हैं। शहर सहित जिले के सरकारी अस्पतालों में मच्छरजनित बीमारियों के मरीज आ रहे हैं। हालांकि रायसेन शहर व ग्रामीण में इस साल अब तक डेंगू से ज्यादा मरीज मलेरिया-चिकनगुनिया के आए हैं। चिकित्सकों के अनुसार कुछ समय बाद ही पता चलेगा कि इस बार डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया में से कौनसी बीमारी ज्यादा रहेगी। फिलहाल अस्पताल में मलेरिया लक्षण के रोगी ज्यादा आ रहे हैं। वहीं पूरे प्रदेश में स्थिति इससे उलट है। भोपाल संभाग से आ रहे रहे हैं।पहुंचने तक हो जाते निगेटिव रिपोर्ट। जांच में कार्ड टेस्ट में पॉजिटिव आए, लेकिन आगे पीबीएस टेस्ट में रोगी निगेटिव आ रहे हैं। डेंगू... यह डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है। लक्षण आमतौर पर फ्लू जैसे होते हैं, लेकिन गंभीर डेंगू (डेंगू रक्तस्रावी बुखार) में बदल सकते हैं। मलेरिया... गंभीर बीमारी है जो परजीवियों से संक्रमित मच्छर के काटने से फैलती है।

खास बातें

- मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की प्रॉपर जांच की जाए।
- लार्वा मिलने वाले स्थानों पर तत्काल विनष्टीकरण कराया जाए।
- सभी मामलों की सही रिपोर्टिंग भोपाल भेजी जाए।
- मरीजों और बीमारी के मामलों को छिपाने का प्रयास नहीं किया जाए।
- प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिरोधात्मक उपाय बढ़ाए जाएं।
- बीमारी वाले क्षेत्रों में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात की जाए।
- डेंगू-मलेरिया और चिकनगुनिया के स्पॉट पर फॉगिंग कराई जाए।

जिला मलेरिया विभाग की जांच को लेकर सवाल

विभागीय स्तर पर मलेरिया की जांच और रिपोर्टिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जनवरी से अक्टूबर तक जहां मलेरिया के 26 मामले ही सामने आए हैं, वहीं डेंगू के मामलों में काफी वृद्धि दर्ज हुई है। ऐसे में मलेरिया की जांच प्रक्रिया और संदिग्ध मरीजों की रिपोर्टिंग को लेकर निगरानी बढ़ाने की जरूरत बताई जा रही है। हालांकि, केवल मामलों की संख्या के आधार पर जांच में लापरवाही का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें।

मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा लेने जलाया पुतला

दिल्ली में राहुल, प्रियंका सहित सांसदों से धक्कामुक्की का कांग्रेस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुरुवार को शाम 4 बजे कामधेनु शॉपिंग कॉम्पलेक्स भोपाल सागर रोड चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी रायसेन शहर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को काला दिवस मनाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया चुनाव आयोग के गणेश कुमार की स्थिति की मांग को लेकर जमकर विरोध जताया इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक बरेली देवेंद्र सिंह पटेल गदरवास जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे

कांग्रेसियों ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी ने इस बार दोनों जंतर-मंतर के 200 मीटर पहले सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया तो प्रियंका संविधान की कॉपी लेकर सड़क पर लेट गईं। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ता की सुरक्षाबलों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले राहुल-प्रियंका विपक्षी सांसदों के साथ सागर रत्ना रेस्टोरेंट में लंच के बाद जंतर-मंतर के लिए निकले थे। लंच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिया था।

पूरे देश में काला दिवस मनाया गया

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रांतीय निर्देश पर यह विरोध प्रदर्शन किया गया राष्ट्रीय नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद प्रियंका गांधी अन्य नेताओं द्वारा किए जा रहे जंतर मंतर दिल्ली में लाठीचार और गिरफ्तारी की गई थी। इसी के विरोध में गुरूवार 8 अक्टूबर को पूरे देश में काला दिवस मनाया गया। बरेली के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल गड़रवास ने कहा कि ज्ञानेश कुमार की इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा और जब तक मांग पूरी नहीं होती। आंदोलन इस तरह जारी रहेगा उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की यह तो हिटलरशाही चल रही है । देश के सभी लोग सभी जानते हैं। जब तक केंद्र सरकार को जमीन पर नहीं ला देते। तब तक यह आंदोलन से चलाया जाएगा। रायसेन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि तानाशाही और तुगलकी फरमान केंद्र सरकार प्रदेश की डॉ मोहन सरकार चला रही है तानाशाह के फैसले को हम कभी भी जनहित में स्वीकार नहीं करेंगे।

आदेश के विरोध में कोर्ट जाने की तैयारी में एक गुट

7 साल से जमे 65 छात्रावास अधीक्षक हटेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास अधीक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। शासन से आए सख्त आदेश के बाद सात साल से एक ही छात्रावास में जमे 65 से ज्यादा अधीक्षकों का हटना तय हो गया है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन अधीक्षकों का कार्यकाल सात साल से ज्यादा हो चुका है।उन्हें हटाकर अन्य स्कूलों में पदस्थ किया जाए। इन हॉस्टल अधीक्षकों से नियमानुसार आवेदन भी कराया जाएगा। शासन के इस आदेश फरमान का किस स्तर पर कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। मीडियाकर्मी जानकारी के उधेड़वुन में जुट गए हैं।

दरअसल 2 अक्टूबर को शासन से आदेश आने के बाद से ही सालों से एक ही स्थान पर अधीक्षक बनकर बैठे शिक्षकों की सांसें फूल गई हैं। बताया जा रहा है कि इस आदेश की जद में जिले के 65 से ज्यादा हॉस्टल अधीक्षक आ रहे हैं। वहीं आदेश के खिलाफ एक गुट कोर्ट जाने की भी तैयारी कर रहा है। विभाग के मुताबिक बताया जा रहा है जिला जनजातीय कार्य विभाग ने सूची तैयार करना शुरू कर दिया है। मंडल संयोजकों को आदेश दिए गए हैं कि वे शासन के आदेश के अनुसार डेटा तैयार कर जिला कार्यालय को अवगत कराएं। पहले यह सूची 7 अक्टूबर तक मांगी गई थी। लेकिन समय पर डेटा तैयार नहीं होने पर अब 8 अक्टूबर यानी गुरुवार तक सूची सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आज शाम तक सूची फाइनल हो जाएगी।

पढ़ाना भूल गए, इसलिए स्कूल जाने से डर....

इस आदेश के विरोध की सबसे बड़ी वजह स्कूलों में वापसी है। शासन का स्पष्ट आदेश है कि इन छात्रावास अधीक्षकों को दोबारा हॉस्टलों में पदस्थ नहीं किया जाएगा। जिन स्कूलों में पद खाली हैं।वहीं इनकी तैनाती की जाएगी। इसमें अधिकांश हॉस्टल अधीक्षक ऐसे हैं जो अब पढ़ाना ही भूल चुके हैं और उनकी पदस्थापना जिले के दूरदराज के आदिवासी ब्लॉकों के स्कूलों में की जाएगी। सालों तक हॉस्टल में रहने के कारण वे शिक्षण कार्य से दूर हो गए हैं।

इनका कहना है

सात साल से ज्यादा एक ही जगह जमे छात्रावास अधीक्षकों की सूची तैयार की जा रही है। तकरीबन पैंसठ से ज्यादा अधीक्षक इस कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

सीमा नरवरिया जिला संयोजक, ट्राइबल विभाग, रायसेन।



पानी में डूबने से नवविवाहिता की मौत होमगार्ड की टीम ने बाहर निकाला शव

रायसेन। कोतवाली थाना क्षेत्र के खरगोली सिरसोदा गांव में गुरुवार को पत्थर की खदान में भरे पानी में डूबने से 20 वर्षीय नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान मनीषा पति भारत आदिवासी (20) के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनीषा आदिवासी खदान में भरे पानी में नहाने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। बताया जा रहा है कि मनीषा अक्सर इसी खदान में नहाने और कपड़ों की धुलाई के लिए जाती थी। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस थाने की टीआई नरेंद्र गोयल पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और होमगार्ड की एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और शव की तलाश रेस्क्यू के जरिए शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है।

नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश

पूर्व छात्र परिषद ने दिलाया व्यसन मुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी

प्रतापगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में व्यसनमुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए तंबाकू, गुटखा, बीड़ी-सिगरेट सहित अन्य व्यसनों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आचार्य परिवार और विद्यार्थियों ने व्यसनमुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया।

नशा स्वास्थ्य के साथ भविष्य को भी करता है प्रभावित

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वन रक्षक रितिक पटेल और सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम राठौर रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाना आज की बड़ी जरूरत है। नशे की गिरफ्त में आने से शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लक्ष्यों पर विपरीत असर पड़ता है। अतिथियों ने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकता है।



संस्कारयुक्त शिक्षा से दूर होंगी सामाजिक कुरीतियां

विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। संस्कारयुक्त शिक्षा से बच्चों को व्यसन जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन जीने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यसनमुक्त जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। अंत में आचार्य परिवार सहित सभी भैया-बहिनों ने नशे से दूर रहने और व्यसनमुक्त समाज के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विद्यालय परिवार ने व्यक्त किया।

विकसित होने के सपने के बीच गरीबी की तस्वीर

रस्सी पर संतुलन साधती नन्ही बालिका पेट भरने के लिए दिखा रही खेल

स्कूल जाने की उम्र में हाथ में बांस लेकर करतब दिखाने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जहां एक ओर देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना देख रहा है। वहीं दूसरी ओर गरीबी की ऐसी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो कई सवाल खड़े करती हैं। नगर की मुख्य सड़क के किनारे एक नन्ही बालिका परिवार का पेट भरने के लिए पतली रस्सी पर संतुलन साधकर खेल दिखाती नजर आई। मां-बेटी के इस खेल को देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ जुट गई। स्कूल जाने और पढ़ाई करने की उम्र में बालिका हाथ में बांस लेकर जमीन से कुछ ऊंचाई पर बंधी पतली रस्सी पर संतुलन बनाती रही। कभी वह रस्सी पर चलती तो कभी झूलकर करतब दिखाने का प्रयास करती। मां नीचे से उसे संभालने और खेल के दौरान लोगों से मदद की अपील करती नजर आई।

जो मिले, वही परिवार की कमाई

रस्सी पर संतुलन का खेल दिखाने के बाद लोगों से मिलने वाली छोटी-बड़ी रकम ही परिवार के लिए आमदनी का जरिया है। बालिका के हर करतब के साथ नीचे खड़े लोग उसकी ओर देखते रहे और कुछ लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार पैसे भी दिए। परिवार के लिए दिनभर में जितना मिल जाए, उसी से भोजन और जरूरतें पूरी करने की कोशिश होती है।

खेल तमाशे कम हुए, लेकिन मजबूरी कायम

मोबाइल और इंटरनेट के इस दौर में सड़क किनारे ऐसे पारंपरिक खेल-तमाशे अब पहले की तुलना में काफी कम दिखाई देते हैं। इसके बावजूद गरीबी से जूझ रहा यह परिवार आज भी इसी तरह लोगों का मनोरंजन कर अपना पेट पालने को मजबूर है। नन्ही बालिका का रस्सी पर संतुलन साधना देखने में भले ही लोगों के लिए कौतूहल का विषय रहा। लेकिन यह दृश्य बाल श्रम, गरीबी और शिक्षा से वंचित बचपन की हकीकत भी सामने लाता है।

जातीय जनगणना में ओबीसी कॉलम व 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

रायसेन। जातीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम सहित विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार दोपहर शहर के महामाया चौक पर ओबीसी महासभा ने आमसभा और धरना-प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जातीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और एससी-एसटी की तर्ज पर ओबीसी की स्पष्ट गणना कराने सहित विभिन्न मांगें रखी गईं। इसके साथ ही यूजीसी बिल लागू करने की मांग भी की गई। धरने को संबोधित करते हुए प्रमुख



वक्ताओं ने कहा कि जातीय आंकड़े सामने आने से सामाजिक प्रतिनिधित्व और हिस्सेदारी से जुड़ी नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण में तथ्यात्मक आधार मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से शासन-प्रशासन के समक्ष रखा जा रहा है।

कार्यक्रम में ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष मनोज चौरसिया, नगर अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रोहित पटेल, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह लोधी भदौरिया, जिला संयोजक राकेश मालवीय, अहिरवार महासंघ अध्यक्ष राजेश अहिरवार, रामेंद्र लाला, सोशल मीडिया प्रभारी जगदीश लोधी, रामस्वरूप राठौर, कैलाश लोधी, मुकेश गौर, मास्सब, राजू कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, वीर सिंह कुशवाहा, प्रजापति, डॉ. कुबेर सिंह लोधी, नगर महामंत्री रोहित सेन, युवा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र गौर, दीपक राठौर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां

11 से नवरात्रि, दो दर्जन जगहों पर सज रहे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक तैयारियां तेज हो गई हैं। 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे नौ दिवसीय पर्व के लिए दो दर्जन से अधिक स्थानों पर देवी दुर्गा झांकी पंडाल आकार लेने लगे हैं। वहीं मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रंग-रूप देने में जुटे हैं। इस बार मां दुर्गा के हाथी पर सवार होकर आने की मान्यता के चलते श्रद्धालुओं में सुख-समृद्धि बढ़ने की उम्मीद और उत्साह नजर आ रहा है। नगर में नवरात्रि उत्सव की सार्वजनिक परंपरा करीब सात दशक पुरानी है। वर्ष 1956 में गांधी चबूतरा के पास एक छोटे से कमरे में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सार्वजनिक रूप से शारदीय नवरात्रि पर्व मनाने की शुरुआत हुई थी। इसके बाद स्वर्गीय शंकर सिंह सेंगर द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण कर बड़ा बाजार में झांकी सजाकर स्थापना की जाती रही। बाद में जहां आज शक्ति धाम मंदिर स्थित है, वहां चबूतरे पर वर्षों तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होती रही। स्वर्गीय सेंगर मासाब ने जनसहयोग से नगर में ऊंचे शिखर वाले शक्ति देवी धाम मंदिर के निर्माण को पूरा कराया। यह मंदिर आज भी नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

खेड़ापति माता मंदिर में जल चढ़ाने पूजन के लिए उमड़ती भीड़



बाबड़ी मोहल्ला स्थित खेड़ापति माता मंदिर नगर और आसपास के क्षेत्र के दुर्गा भक्तों के लिए प्रमुख आस्था केंद्र है। नवरात्रि के त्यौहार दौरान सुबह जल चढ़ाने और दर्शन के लिए यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा शक्ति धाम मंदिर, काली मंदिर, मंडी गेट के सामने स्थित दुर्गा मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर का दुर्गा मंदिर और चौधरी चौक का दुर्गा मंदिर भी वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र बने हैं।

दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सजेंगी दुर्गाजी की झांकियां

नगर में शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर दुर्गा उत्सव समितियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दो दर्जन से अधिक स्थानों पर झांकी पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। कहीं पंडाल का ढांचा तैयार हो चुका है तो कहीं सजावट और विद्युत व्यवस्था का काम चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के बड़े गांवों में भी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मूर्तिकारों की कार्यशालाओं में दिन-रात प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रंग-रोगन, आभूषण और सजावट के बाद प्रतिमाओं को पंडालों में स्थापित किया जाएगा। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही नगर का माहौल भक्तिमय होने लगा है।